हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



14 प्रधानमंत्री मोदी जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हैं : देव



14 पंचान्हिका महोत्सव के साथ हुआ भव्य शुभांरभ



## शबरी नदी किनारे ग्राम दुब्बाटोटा को वन विभाग बनाएगा पर्यटन केन्द्र

### बनने से पर्यटक ले सकेंगे बम्बू रॉफ्टिंग व औषधी पेड़-पौधों का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग का सुकमा जिला जो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। इस जिले की सीमा ओडिशा मलकानगिरी जिला, तेलंगाना भद्राद्री, कोठागुडेम जिला और आंध्र प्रदेश अल्लूरी, सीताराम, राजू जिले से लगती है। यह ओडिशा, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश राज्यों और बस्तर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के साथ सीमा साझा करता है। यह जिला जो भारतीय राज्य छत्तीसगढ़ का सबसे दक्षिणी जिला है। यह बस्तर क्षेत्र में स्थित है, जो अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए जाना जाता है। इस जिले को 2012 में दंतेवाड़ा से अलग करके बनाया गया है। इसी जिले में शबरी नदी किनारे ग्राम दुब्बाटोटा में वन विभाग की नर्सरी स्थापित है, जहां औषधी पेड़-पौधे सहित लोगों के लिए पार्क है, जहां पर्यटक पिकनिक मना सकते हैं। शबरी नदी किनारे वन विभाग बम्बू रॉफ्टिंग शुरू करने का प्रयास कर रहा है, जिससे यह स्थल पर्यटन केन्द्र बन सके, जहां देशी-विदेशी पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। बताया जा रहा है कि पर्यटन स्थलों का भौगोलिक अध्ययन एवं महत्त्व है, छत्तीसगढ़ में शासन द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों को चिन्हांकित किया गया है, जहां देशी एवं विदेशी पर्यटक आते है, इससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है इसलिए छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभवनाएं है। शोध ▶▶ शेष पेज 12 पर

#### युवाओं को मिलेगा आजीविका का साधन

वन विभाग के सीसीएफ ने दुब्बाटोटा के नर्सरी का अवलोकन किया और गांव के युवाओं से बातचीत की। युवाओं ने कहा कि इस गांव को पर्यटन केन्द्र बनने से एक नई पहचान मिलेगी, इस पहल से न केवल स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आजीविका का साधन मिलेगा, बल्कि अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास होगा। पर्यटक पर्यटन स्थलों की खूबसूरती निहारने के साथ ही आदिवासी कल्चर का भी लुत्फ उठा सकें।



#### बेरोजगार युवाओं को जोड़ा जाएगा

वन विभाग बस्तर वृत के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि शबरी नदी किनारे ग्राम दुब्बाटोटा को पर्यटन केन्द्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है, इसमें गांव के बेरोजगार युवाओं जोड़ा जाएगा। इसमें शबरी नदी में पर्यटकों के लिए बम्बू रॉफ्टिंग एवं कायकिंग किया जाएगा और पर्यावरण का ध्यान रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### देसी सब्जी से भरा बाजार, बोड़ा 300 रुपए सोली में बिका



**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को बोड़ा 300 रुपए सोली एवं ओडीसा का खेक्सी 80 रुपए किलो में बिक रहा है। बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। परिसर सब्जियों से भरा पूरा रहा, पर खरीददार कम दिखे, जिससे सब्जी व्यवसायी परेशान रहे। बाजार में टमाटर 15, करेला 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, भिंडी 40, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रुपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष से मिले महापौर

**जगदलपुर।** ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से मिलकर महापौर संजय पाण्डे ने मुलाकात की। महापौर ने उनको मिले नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और कई मुद्दों पर चर्चा की । इस मौके पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### शहीद स्मारक में किया गया शहीदों का स्मरण

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के झीरम घाटी में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी। भारतीय जनता पार्टी ने शहीद स्मारक सिरहासार में शहीदों को श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्यगण, पार्षद उपस्थित रहे।



### माचकोट में विहिप और बजरंगियों की हुई बैठक



**जगदलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल के लोगों ने नगरनार प्रखंड कें ग्राम पंचायत चोकावड़ा के आश्रित ग्राम माचकोट में बैठक में ग्राम देवी भंडारनी माता मंदिर में ग्राम समिति के विषय में चर्चा की। जिसमें कैलाश ठाकुर अध्यक्ष नगरनार प्रखंड ,हरीलाल साहु पुर्व जिला अध्यक्ष, शिबो बघेल सत्संग प्रमुख ,धनपति बाज सुरेश कश्यप नंदों बाबा, विकास मुरला जागेश्वर देवांगन उपस्थित थे।

### सरपंच ने पंचों के साथ किया पीएम आवास का निरीक्षण



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत संधकरमरी सरपंच जयमनी कश्यप, उप सरपंच सुकरी, सोनसाय कश्यप, सचिव घेनवा राम, रोजगार सहायक पुरन नेताम, भारत कश्यप ,समस्त पंच गण रैबारू, सोनतोराम, मंगलसाय, अवधेश, नदो, पदम, रूपसिग, गंगाराम, नीलधर , मोहन, मंगला, आवास मित्र भुवेन हरिचंद उक्त सभी पद्माधिकारियो द्वारा प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किये। कई आवास अपूर्ण पाया गया उसे आवास हितग्राहियों को जल्दी से जल्दी पूरा करने को कहा गया। शासन के निर्देश को ग्राम पंचायत को परिपालन करना अनिवार्य है।

### बैठक: कलेक्टर ने की आकांक्षी जिला बस्तर और आकांक्षी विकासखंड तोकापाल कार्यक्रम की समीक्षा

## ड्राप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने का करें प्रयास, अभिभावकों की काउंसिलिंग की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने के लिए सार्थक पहल करें। साथ ही शाला अप्रवेशी सभी बच्चों को स्कूल में दर्ज करवाएं। इस दिशा में घर-घर सम्पर्क कर बच्चों तथा अभिभावकों की काउंसलिंग करें और पंचायत पदाधिकारियों का भी सहयोग लिया जाए। कलेक्टर शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आकांक्षी जिला बस्तर और आकांक्षी विकासखंड तोकापाल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में जिले के अंतर्गत 10 वीं एवं 12 वीं के 80 प्रतिशत परीक्षार्थियों को 60 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट लाने के लिए ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया और प्रत्येक स्कूल के लिए एक्शन प्लान तैयार कर कार्यान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आकांक्षी क्षेत्र में चिन्हांकित योजनाओं की समीक्षा करने के दौरान स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं में एडीपी रिपोर्ट में एएनसी हेतु पंजीयन, गंभीर एनीमिया वाले गर्भवती महिलाओं का परीक्षण व उपचार, गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट, लिंगानुपात की स्थिति, टीकाकरण, टीबी का टेस्टिंग और उपचार, संस्थागत प्रसव,जन्म से कमजोर बच्चों के बेहतरी करने पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण के लिए छूटे हुए बच्चों को लक्षित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गंभीर एनीमिया वाले गर्भवती महिलाओं का रेण्डम जांच विशेषकर दरभा, बास्तानार, तोकापाल एवं लोहण्डीगुड़ा विकासखण्डों में किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रेकर ऐप में एंट्री, 6 साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को पूरक पोषण आहार देना, पेयजल की व्यवस्था, सेम और मेम के आधारित बच्चों को पूरक आहार के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने, आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय की स्थिति की समीक्षा कर ▶▶ शेष पेज 12 पर



#### गौसेवकों का चयन कर देंगे ट्रेनिंग, मांगा प्रस्ताव

कलेक्टर ने जिले में पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशु टीकाकरण एवं गौवंशीय पशुओं में उन्नत नस्ल के कृत्रिम गर्भाधान सुनिश्चित करने हेतु गौसेवकों का चयन कर ट्रेनिंग देने के लिए तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने कहा। साथ ही इस कार्य में पशु सखियों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी के साथ-साथ फसल बीमा का लाभ लक्ष्य से अधिक लोगों को देने के निर्देश दिए। वहीं अन्य विभागों से संबंधित बेसिक अधोसंरचना भारत नेट से ग्राम पंचायतों का कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य, वित्तीय समावेशन के तहत महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक सहायता, मुद्रा ऋण प्रदाय, बैंकिंग आउटलेट की स्थिति सहित अन्य कार्यों की समीक्षा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित संबंधित विभागों के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा आकांक्षी जिला और ब्लॉक से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निकाली जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

■ 6 पंचायतों से मिले 46 मांगें

एकीकृत बाल विकास परियोजना कुआकोंडा द्वारा नकुलनार पंचायत में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

रैली का उद्देश्य समाज में बालिका शिक्षा के महत्व को उजागर करना और बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी अनिल कुमार लोनिया ने बेटियों के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। समाधान शिविर के दौरान किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच एवं बॉडी मास इंडेक्स मापन का आयोजन भी किया गया। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया, जिसमें किशोरियों में एनीमिया की पहचान की जा सके। इस पहल से न केवल किशोरियों के स्वास्थ्य की स्थिति स्पष्ट होगी, बल्कि उनके लिए पोषण और ▶▶ शेष पेज 12 पर

## झीरम घाटी में मारे गये नेताओं को भाजपा पदाधिकारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बीजापुर।** झीरम हत्याकांड की बारहवीं बरसी पर आज शाम 6 बजे बीजापुर के जय स्तम्भ चौक पहुंचकर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा झीरमकांड में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा 25 मई 2013 को जो झीरम कांड हुआ था कायराना घटना हुआ था। जिसमें छत्तीसगढ़ के राजनेता, जवान शहीद हुए थे ये छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आज पूरा प्रदेश श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। हम इस पूरी घटना की निंदा करते हुए बस्तर टाइगर स्व.महेंद्र कर्मा सहित सभी राजनेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान भाजपा के पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदालियर, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी,उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, सभी पार्षद समेत भाजपा नेता एंव कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## शासन की योजनाओं के संबंध में हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

■ दंतेश्वरी परिसर में जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज माँ दंतेश्वरी परिसर स्थल में ढकडोबरा मैदान में जनसंपर्क विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, हितग्राहियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना, साथ ही इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को अपने अनुभव साझा करने का मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में विभिन्न जनपद पंचायतों से आए हितग्राहियों ने जानकारी दी शासन की विभिन्न योजनाओं ▶▶ शेष पेज 12 पर



#### जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी और जानकारी केंद्र

स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं दृ जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि, और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु विशेष प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन केंद्रों में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं के पंजीयन, पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी दी।

#### हितग्राहियों की जुबानी, सफलता की कहानियां

मंच से कई हितग्राहियों ने अपनी जीवन यात्रा और शासन की योजनाओं से हुए लाभ को साझा किया। किसी ने स्वरोजगार योजना के माध्यम से छोटी इकाई स्थापित की तो किसी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा का लाभ लिया। इन अनुभवों ने अन्य लोगों को भी योजनाओं से जुड़ने की प्रेरणा दी।

### दो मिनट का मौन धारणकर घटना को बताया कायराना हरकत

## झीरमघाट पहुंचकर शहीदों को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपु

कांग्रेसियों ने आज दरभा ब्लॉक के झीरम घाट पहुंचकर 25 मई 2013 को शहीद हुए कांग्रेसियों को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन धारण कर नक्सलियों के इस जघन्य घटना को कायराना बताया। उसके बाद राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण द्वारा प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु,शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला,पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा सहित दिवंगत सभी कांग्रेस नेताओं व जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस जघन्य हत्याकांड में शहीद महेंद कर्मा के अलावा तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा, हमले में गंभीर रूप से जख्मी होकर बाद में जान गंवाने वाले विद्याचरण शुक्ल, जवानों समेत सभी 27 शहीदों को याद कर नमन किया गया।

तत्पश्चात शहर के झंकार चौंक स्थित शहीद महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर बस्तर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया एवं लालबाग मैदान स्थित शहीद मेमोरियल स्मारक में समस्त शाहिद कांग्रेसजनों को दो मिनट का मौन धारण कर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### कांग्रेसी नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम था झीरम हमला : सांसद

**जगदलपुर।** झीरम कांड की बरसी पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के द्वारा दिये गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि वे हर जगह राजनीति की दुकान चला रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को क्रूर शासक बताने से पहले उन्हें अपने पार्टी के गिरेबान में झांक लेना चाहिए। सांसद ने झीरम घटना को कांग्रेस नेताओं की आंतरिक गुटबाजी का परिणाम बताते कवासी लखमा जिसे नक्सलियों ने छोड़ दिया था, उनका नार्को टेस्ट कराने की मांग करेंगे। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखने की बात उन्होंने कही है। ताकि झीरम कांड की सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि मास्टर माइंड का भी खुलासा भाजपा सरकार के समय ही होगा, क्योंकि बड़ा नक्सली बसवराजु मारा जा चुका है।



■ केंद्रीय गृह मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सांसद करेंगे झीरम मामले के सच को उजागर करने की मांग

## झीरम पहुंचकर विधायक ने शहीदों को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन समेत भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने झीरम घटना स्थल पहुंच शहीदों को नमन किया। दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, रुपसिंह मंडावी, योगेन्द्र पांडे, दरभा मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बघेल, अनंतराम कश्यप,पूरन कश्यप, फूलसिंह सेठिया, संरपंच विध्नेस्वर बाकड़े, धर्मेद्र ठाकुर, दौलत श्रीवास्तव,मनीराम,प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी,राजेश श्रीवास्तव, गोविंद ईनाणी, नरेन्द्र पानीग्राही व अन्य भाजपाई सम्मलित थे।

## खबर संक्षेप

### फल-फूल रहा अवैध रेत खननः सीपीआई

**कोण्डागांव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई ने जिले में हो रहे अवैध रेत खनन को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के चेयरमैन कंट्रोल कमिशन तिलक पांडे ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोंडागांव जिले की नदियों से बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन किया जा रहा है। इस पूरे कारोबार को भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। श्री पांडे ने कहा कि जिले के कई स्थानों पर अवैध रेत घाट सक्रिय हैं, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर और ट्रक भरकर रेत निकाली जाती है। यह रेत न सिर्फ स्थानीय बाजार में बेची जाती है, बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा तक तस्करी कर भेजी जा रही है।



### अवैध शराब के साथ कोचिए पकड़ाए



**धमतरी।** मुखबिर की सूचना पर सिहावा पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 25 नग अंग्रेजी गोवा शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की गई है। सिहावा पुलिस को सूचना मिली थी कि बिरगुड़ी चौक सिहावा के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा। दोनों आरोपी लक्ष्मीनारायण मंडावी एवं उमेश कुमार मरकाम के कब्जे से थैले के अंदर 25 गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमत 3000 रूपए एवं मोटरसाइकिल कीमत 20,000 जब्त की। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिहावा में आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपी लक्ष्मीनारायण मंडावी उर्फ नरेन्द्र पिता छबिलाल मंडावी कोसमी थाना बिश्रामपुरी जिला कोंडागांव और उमेश कुमार मरकाम पिता सुखचरण मरकाम कोसमी थाना बिश्रामपुरी जिला कोंडागांव के रहने वाले हैं।

### अब हरियाणा में दिखाएंगे कुश्ती के दांव-पेंच

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ अंडर 17 वर्ष बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता बीएसपी अखाड़ा भिलाई में 4 मई को आयोजित की गई थी। हनुमान के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, भगवान उस्ताद, श्रवण यादव एवं विभिन्न जिलों से आये हुए उस्तादों ने किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बिलासपुर, कांकेर, खैरागढ़ के लगभग 80 बालक बालिकाओं ने भाग लिये। फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला फ्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये खिलाड़ी हरियाणा चंडीगढ़ में 25 से 27 मई को आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

श्रद्धांजलि : घटना केवल एक हमला नहीं थी, बल्कि लोकतंत्र पर किया गया क्रूर प्रहार थीं: नेताम

# झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेस भवन में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- कांग्रेसियों ने शोकसभा में दो मिनट का रखा मौन

कांग्रेस भवन में 25 मई को झीरम घाटी शहीद दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में 2013 में झीरम घाट में नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

झीरम घाी नरसंहार में कांग्रेस के कद्दावर नेता और बस्तर टाइगर के नाम से प्रसिद्ध शहीद महेन्द्र कर्मा, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल, शहीद उदय मुदलियार, शहीद दिनेश पटेल, शहीद योगेंद्र शर्मा सहित कई नेता और सुरक्षा बलों के जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस हृदयविदारक घटना की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके बलिदान को नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन मरकाम ने उपस्थित होकर शहीदों के त्याग और संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी की यह घटना केवल एक हमला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र पर किया गया क्रूर प्रहार था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीद नेताओं के विचार और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।




सभा में वक्ताओं ने कहा कि झिरम कांड में शहीद हुए नेताओं और जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और शांति की स्थापना के लिए कांग्रेस पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संपूर्ण वातावरण शोक और सम्मान के भाव से भरा रहा।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गीतेश गांधी और रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसजन संजय करन, गुणमती नायक, बब्बू दहिया, रितेश गोयल, सुनील रैकवार, रविन्द्र दीवान, गीतेश बघेल, मंशाराम बघेल, भुवन मार्कण्डेय, बुधराम मरकाम सहित अनेक कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे।


# बडेडोंगर से कोनगुड तक की जर्जर सड़क को मिलेगा नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केसकाल

- विधायक नीलकंठ टेकाम ने रायपुर भेजा डामरीकरण का प्रस्ताव
- जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रियता लाई रंग

केसकाल विधानसभा क्षेत्र केसकाल के विकासखंड फरसगांव के पहुंचविहीन क्षेत्र बडेडोंगर से लेकर कोनगुड तक की जर्जर सड़क को क्षेत्र का संवेदन शील विधायक नी ल कं ठ टेकाम ने गंभीरता से लेते हुए सड़क का डा म री क र ण करवाने के लिए प्रमुख अ भि यं ता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना रायपुर को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित क्षेत्र वासियों ने मामले को जिला कलेक्टर कोंडागांव को पूर्व मैं ज्ञापन सौंपा गया था, साथ ही मामले को लेकर केसकाल विधायक टेकाम का ध्यान आकर्षित किया था साथ मैं ग्राम जुगनार का जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग के प्रयास से एसडीएम फरसगांव को कलेक्टर का ज्ञापन का पावती कॉपी को प्रेषित किया था जिसपर एसडीएम द्वारा हमारे मीडिया को जानकारी देते बताए था कि जिला पंचायत सदस्य का कॉपी को जिला कलेक्टर को भेजा गया है। क्षेत्र वासियों ने विधायक केसकाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अभार व्यक्त किए है।



### हाईमास्ट लाइट से जगमगाया रामलीला मैदान

**अंवरी।** भखारा भठेली नगर पंचायत के रामलीला मैदान एवं मुख्य हाट बाजार हाईमास्ट लाइट की रोशनी से जगमगाने लगा है। सार्वजनिक आवश्यकताओं एवं बाजार दिवस समय पर यह लाइट जलेगी। सीएफएल और ट्यूब लाइट की जगह अब दूधिया रोशनी बिखेरने वाली हाईमास्ट लाइट से शहर के मुख्य स्थल भी गुलजार हुए।

# कांग्रेसियों ने झीरम घाटी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



- संविधान को बचाना और देश को नक्सलवाद से मुक्त करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

झीरम घाटी के वीर शहीदों को नमन एवं संविधान बचाओ यात्रा रैली विधायक कार्यालय से निकली। यह रैली शहीद चौक नगरी से होते हुए बजरंग चौक तक पहुंची, जहाँ नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी में नक्सलियों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की हत्या कर दी थी। यह भारतीय लोकतंत्र और संविधान पर हमला था। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार, भीमा मंडावी, योगेन्द्र शर्मा समेत अनेक पुलिस जवान और सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए।

इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि झीरम घाटी की यह शहादत केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की शहादत है। हम सबका दायित्व है कि हम उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दें। संविधान को बचाना, लोकतंत्र को मजबूत करना और देश को नक्सलवाद से मुक्त करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि झीरम घाटी के वीर सपूतों ने जिस उद्देश्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, हम सब मिलकर उस उद्देश्य को पूरा करेंगे। उनकी शहादत को याद रखते हुए हम संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु हर संघर्ष को तैयार हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भानेद्र ठाकुर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रवक्ता भूषण साहू, ब्लाक अध्यक्ष नगरी कैलाश प्रजापति, ब्लाक अध्यक्ष बेलरगांव अखिलेश दुबे, अध्यक्ष कुकरेल डीहू राम साहू, मागरलोड अध्यक्ष रवि ठाकुर, प्रमोद कुंजाम, शिवनाथ मरकाम, पुष्पा ध्रुव, हनीफ खान, दीपक बिशेन, हरीश साहू, निक्की गुप्ता, मुकेश कुंजाम, रामकुमार सरोज, हेमंत देवांगन, पप्पू देवांगन, राजेश साहू, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष का संकल्प लिया।

# हरी सब्जियों की घटती कीमत से मिली राहत

- इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर 15 तो बैगन, पत्तागोभी, डोड़का, मूली 20 रूपए किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाजार में हरी सब्जियां इन दिनों सस्ते दाम पर मिल रही हैं। सब्जियों की घटती कीमत से उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे है। हरी सब्जियों के साथ साथ हरी पत्तेदार भाजियां भी काफी कम दाम पर बिक रही हैं। व्यवसायियों ने बताया कि अंचल में हरी सब्जियों की बंपर पैदावार से आवक बढ़ गई है इसलिए थोक में रेट गया है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 5 बजे ग्राहकों की भीड़ नजर आई। सस्ती सब्जियां खरीदने ग्राहकों की होड़ मची हुई थी। खरीदारी अच्छी होने से सब्जी व्यवसायी भी प्रसन्न नजर आए। सब्जी विक्रेता अंबिका पटेल, सरोज पटेल ने बताया कि मौसम खराब होने पर भी ग्राहक खरीदारी करने बाजार पहुंचे और जमकर सब्जी खरीदी। उन्होंने बताया कि बाजार में लौकी 5 से 8 रूपये किलो बिकी। टमाटर 15 से 20 रुपए किलो रहा। बैगन, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी, डोड़का, मूली जैसी सब्जियां 20 रुपए किलो रही। गाजर, कुंदरू, बरबटी, भिंडी, गोभी, तोरई 30 रुपए किलो रहा। परवल, कटहल 40 तो ग्वारफली, मिर्च, कोचई, ढेस, शिमला 50 में बिका।

# बाघ की तस्वीर ट्रैप कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अभ्यारण्य में बाघ की तस्वीर ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। यह तस्वीर 24 मई की रात की है। वन विभाग द्वारा जंगल में लगाए गए ट्रैप कैमरे में बाघ की तस्वीर स्पष्ट रूप से सामने आई है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से वन विभाग में उत्साह है। वन विभाग की टीम टाइगर की मूवमेंट पर नजर बनाई हुई है। सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि सीतानदी उदंती के जंगल में 150 से अधिक ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं जिसमें से एक कैमरे में बाघ की तस्वीर कैद हुई है। बताया गया है कि बाघ बीते एक सप्ताह तक धमतरी जिले के अरसीकन्हार, रिसगांव और सीतानदी के जंगलों में विचरण कर रहा है। 18 मई को संदबाहरा क्षेत्र में बाघ के पदचिन्ह मिलने के बाद से वन विभाग सतर्क था। इसके बाद तीनों रेंज में ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। जिले के जंगल में पहली बार बाघ की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन्य जीव संरक्षण की दृष्टि से यह ऐतिहासिक है। वन विभाग की टीम बाघ पर नजर बनाई हुई है। इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की मानवीय टकराव से बचा जा सके।

### एमपी से एक बाघ और दो बाघिन लाने की कवायद

उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व क्षेत्र से दो बाघिन तथा एक बाघ लाने की तैयारी चल रही है जिसमें एक से दो माह का समय लग सकता है। एमपी के कौन से जंगल से बाघों को लाया जाएगा, यह मध्यप्रदेश की पीसीसीएफ तय करेगी।

किसी ने कहा यातायात में बाधक बन रहा तो किसी ने कहा यह धमतरी की शान है

# नगर घड़ी को तोड़ना उचित या अनुचित?



### इतिहास

नगर घड़ी की स्थापना तत्कालीन नपा अध्यक्ष ताराचंद हिन्दूजा के कार्यकाल में 16 साल पहले 2008 में की गई थी। इसकी लागत उस समय 50 लाख रूपए थी। इसके निर्माण के कुछ साल बाद तक घड़ी ठीक से चलती रही है। फिर धीरे-धीरे घड़ी खराब होने लगी। अब अक्सर बंद पड़ी रहती है, जिससे लोगों में गलत संदेश जाता है। चूंकि घड़ी बैटरी से जुड़ी है इसलिए रिपेयरिंग के बाद फिर से खराब हो जाती है। घड़ी मरम्मत के लिए पश्चिम बंगाल कलकत्ता से मैकेनिक आते हैं, जिसका खर्च बहुत अधिक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंद घड़ी अशुभ संकेत है।

### रिपेयरिंग के लिए सीढ़ी नहीं

जानकारों के मुताबिक नगर घड़ी के अंदर बनाए गए स्ट्रक्चर में सीढ़ी नहीं दी गई है। बैटरी अंदर है। रिपेयरिंग करने वाले क्रेन से लटककर मरम्मत करते हैं जबकि अमूमन ऊंची इमारत में अंदर से सीढ़ी बनाई जाती है। नागरिक बताते हैं कि निर्माण के समय सीढ़ी की मांग रखी गई थी, जिसे अनसुनी कर दी गई। अब रिपेयरिंग के समय दिक्कत होती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के हृदय स्थल में स्थापित नगर घड़ी को तोड़कर रास्ता साफ करने की मांग शहर के कुछ नागरिकों द्वारा की जा रही है। वहीं कुछ नागरिक इसे धमतरी की शान मान रहे हैं। इस धरोहर को संरक्षित करने का आग्रह कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि अगर सदर का चौड़ीकरण किया जाता है और नगर घड़ी जद में आती है तो धमतरी विकास के लिए इसे साइड में स्थापित की जाए। कुछ नागरिक इसे धमतरी के वास्तु के हिसाब से शुभ नहीं मान रहे हैं।

### तोड़ना उचित, साइड में स्थापित करें

शहर के नागरिक ताराचंद लुनावत, महेश जसूजा, राजेश पंजवानी, ललित जैन, संजय लुंकड़, करण वाधवानी, नंदू लोहार, राकेश दीवान, कीर्ति शाह, सौरभ मिश्रा, सलज अग्रवाल का कहना है कि नगर घड़ी काफी जगह घेरी हुई है। इसके पीछे की खाली जगह का फायदा उठाकर लोग पार्किंग करते है। लघु व्यवसायी के बैठने के लिए जगह कम पड़ती है। यातायात में बाधक होने के कारण इसे तोड़कर साइड में लगा देना उचित है। शास्त्री की प्रतिमा को संरक्षित कर सुंदरता दी जाए। बीच सड़क पर बैठने वाले व्यवसायियों का व्यवस्थापन किया जाए। रास्ते को आवागमन के लिए पूरी तरह खाली किया जाए। नागरिकों का कहना है कि समय के अनुसार निर्माण कार्यों में फेरबदल होता है। धमतरी का विकास, व्यापार व्यवसाय का विकास, यातायात सुलभ करने घड़ी चौक को हटाकर साइड में स्थापित की जाए।

### तोड़ना अनुचित, विकल्प तलाशें

शहर के नागरिक योगेश शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, सचिन जाचक, कुशल चोपड़ा, विशु देवांगन, पीयूष देवांगन, गगन कुंभकार, दुष्यंत घोरपड़े का कहना है कि नगर घड़ी धमतरी की शान है, धरोहर है, इसे तोड़े बगैर विकल्प तलाशें, घड़ी को सुधारा जाए। घड़ी चौक के पीछे ट्रेफिक व्यवस्थित की जाए। शहर में पार्किंग बनाई जाए।

# ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा मोदी के मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता से सीधे जुड़ने के लिए माह के अंतिम रविवार को मन की बात को माध्यम बनाते हैं। पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद 122वें एपिसोड की प्रतीक्षा लोगों को थी जिसमें श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को मां भारती को समर्पित राष्ट्र सम्मान, राष्ट्र गौरव तथा राष्ट्र स्वाभिमान का प्रतीक बताया। विश्व पटल पर भारत की पहचान योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है।



प्रधानमंत्री के मन की बात के श्रवण पश्चात भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं मन की बात के प्रदेश सदस्य प्रीतेश गांधी ने कहा कि विकसित भारत के आधार स्तंभ के रूप में मोदीजी ने फैशन को परंपरा के साथ जोड़कर आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में एक साहसिक एवं अभिनव कदम बढ़ाते हुए पुरातन कालीन व्यवसायों को आर्थिक आत्मनिर्भरता का मापदंड बताया। इससे देश के साथ-साथ यहां के परंपरागत व्यवसाय से जुड़े हुए लोग भी आगे बढ़ रहे हैं।

श्री गांधी ने आगे कहा कि बढ़ते वैश्वीकरण के बीच प्रधानमंत्री की वन्य प्राणी विशेष रूप से शेर के संरक्षण व संवर्धन पर चिंता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई है। पार्षद कुलेश सोनी ने योग को घर-घर तक पहुंचाने की अपील आम जनमानस से की है।

इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, देवेंद्र ध्रुववंशी, अशोक साहू, बल्ला रजक, रमेश निर्मलकर, प्रेम साहू, सुदेश साहू, भास्कर राव, मुन्ना ठाकुर, गौतम मानिकपुरी, गणेश गुप्ता, जानकी साहू, अनीता सोनी, संतोषी साहू उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### शबरी नदी किनारे...

एवं अनुसंधान की दृष्टिकोण से वैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखते हुए मानचित्रों का उपयोग कर पर्यटन के अनेक पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। पर्यटन में भाषाओं से संबंधित तत्वों का अध्ययन, भौगोलिक तत्वों को ध्यान में रखकर किया जाता है। किसी स्थान और उनके निवासियों की संस्कृति, सुरूचि, परम्परा, जलवायु, पर्यावरण और विकास के स्वरूप विस्तृत ज्ञान प्राप्त करने और उसके विकास में सहयोग करने वाले पर्यटन को पर्यटन भूगोल के अंतर्गत अध्ययन करते है।

### ड्राप आउट बच्चों...

उसका नियमित तौर पर उपयोग करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के प्राथमिक स्तर से अपर प्राथमिक शाला में ट्रांजिक्शन रेट, बालक और बालिका का हाईस्कूल में एडमिशन की स्थिति, ड्रॉप आऊट की स्थिति, स्कूलों में शौचालय की स्थिति और उपयोग की समीक्षा किए। उन्होंने कृषि विभाग के माइक्रो एरिगेशन की स्थिति, हार्टिकल्चर का क्रॉपिंग एरिया, पीएम फसल बीमा योजना की स्थिति, हाई लेवल वेल्यू क्रॉप, खरीफ एवं रबी फसल के प्रमुख क्रॉप सहित मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदाय स्थिति की समीक्षा किए ।

### बेटी बचाओ-बेटी...

चिकित्सा पर उचित मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जाएगा। समाधान शिविर में 13 गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न की गई। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच द्वारा माताओं को उचित पोषण, स्वास्थ्य जांच और नवजात की देखभाल के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही 7 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया, जो विभाग की "कुपोषण मुक्त दंतेवाड़ा" की दिशा में एक अहम कदम है। यह कार्यक्रम "सही पोषण - देश रोशन" के उद्देश्य को साकार करने की एक प्रभावी पहल रही। इस समाधान शिविर के माध्यम से क्षेत्र की 6 पंचायतों से प्राप्त कुल 46 मांगों, आवेदनों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा त्वरित रूप से निराकृत किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, दंतेवाड़ा, सभी पर्यवेक्षकगण एवं आईसीडीएस कुआकोंडा की पूरी टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। आयोजन की सराहना करते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग भी की।

### शासन की योजनाओं...

के माध्यम से उनका आर्थिक, सामाजिक स्तर में बदलाव आया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं माँ दंतेश्वरी की वंदना से हुई। इसके उपरांत हल्बी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने माहौल में और भी उत्साह भर दिया।

**उत्साह, उल्लास और खुशी का माहौल–** कार्यक्रम में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में खेलकूद, प्रश्नोत्तरी, जैसे गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक व कौशल विकास की गतिविधियों में जुटे विद्यार्थी



**कोंटा।** जिला प्रशासन सुकमा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के रचनात्मकता और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से पीएमश्री विद्यालय कोंटा में समर कैंप का आयोजन 15 मई से 25 मई तक आयोजित किया गया। पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय कोंटा में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दस दिवसीय समर कैम्प में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। विद्यालय के प्रचार्य बीएल औरसा के नेतृत्व में यह शिविर 15 से 25 मई तक आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों ने नृत्य गायन वादन मूर्तिकला कबाड़ से जुगाड़ रंगोली चित्र कला संगीत योगा खेलकूद स्पोकन इंग्लिश आदि विभिन्न प्रकार के कला और शिक्षा ग्रहण करते हुए रुचिपूर्वक सहभागिता निभाया।

### मंत्रालय घेराव की चल रही जोर शोर से तैयारी

**गीदम।** छग में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण तथा उसके मापदंड व विसंगतियों के मुखर विरोध व 28 मई



को समस्त शैक्षिक संगठनों के तत्वावधान में आहूत मंत्रालय घेराव की जोर शोर तैयारियों के बीच शालेय शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ ज्वलंत मुद्दे उठाए हैं जिनका जवाब विभाग के समक्ष अधिकारियों को देना चाहिए तथा मुख्यमंत्री को भी संज्ञान में लेना चाहिए। शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि कोई भी शिक्षक संगठन राज्य के शिक्षक विहीन व एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का विरोध नहीं कर रहा है। उनका विरोध युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत कुछ मापदंडों व विसंगतियों को लेकर है जो कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता व सर्वसुलभता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है तथा राज्य के बच्चों सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न करने के साथ ही शिक्षकों के हितों के भी विरुद्ध है।

## पंजीयन विभाग की दस क्रांतिकारी सुविधाएं पर आधारित कार्यशाला

# जमीन के खरीदी-बिक्री प्रक्रिया सरल होने के साथ-साथ फर्जी रजिस्ट्री पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में जनसाधारण को सहूलियत पहुंचाने रजिस्ट्री नियमों में 10 क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। जिसका जमीन खरीदी -बिक्री करने वाले प्रदेश के जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगी। उक्त नए नियमों के

■ **रजिस्ट्री के कठिन प्रक्रियाओं से मिलेगी मुक्ति : कलेक्टर**

बदलाव एवं सुविधाओं को जन साधारण तक पहुचाने के लिए कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जनपद अध्यक्ष बीजापुर सोनू पोटाम, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ सहित वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग, निवास मुदलियार सहित राजस्व विभाग के अधिकारीगण, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल एवं एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जनप्रतिनिधिगण, वार्ड पार्षद, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुऐ पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने रजिस्ट्री नियम के लिए ऐतिहासिक बदलाव से जमीन की खरीदी बिक्री, एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया सुगम एवं सुरक्षित ढंग से होने से फर्जी रजिस्ट्री सहित जमीन संबंधी अन्य विवादास्पद परिस्थितियों से निजात मिलेगी। वहीं इस ऐतिहासिक निणर्य को जनसाधारण के महत्वपूर्ण एवं लाभदायक बताया वहीं। कलेक्टर संबित मिश्रा ने इसे शासन की बहुत अच्छी पहल बताते हुए कहा कि अब रजिस्ट्री में होने वाली कठिन प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलेगी। नामांतरण अब रजिस्ट्री के बाद स्वतः हो जाएगा घर बैठे रजिस्ट्री एवं जमीन के बारे में जानकारी आसानी से हो जाएगा। इस नियम का व्यापक स्तर पर जनसाधारण के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगो में जागरूकता किया जाएगा।




कार्यशाला में रजिस्ट्री नियमों के संशोधन से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर द्वारा पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाओ को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। जिसके अर्न्तगत फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन- क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार संख्या और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। रजिस्ट्री की जानकारी अब आपकी अंगुलियो पर- खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। यह पारदर्शिता और सुरक्षित खरीद को बढ़ावा देता है।संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान- स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क अब एकीकृत रूप से यूपीआई डेबित कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप में भरे जा सकते हैं। लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी। पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हे आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात दस्तावेज का प्रारूप स्वतः जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज बनाने की सुविधा, आम लोगों की कानूनी दस्तावेजों तक सीधी पहुंच- डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे दस्तावेज स्वयं तैयार किए जा सकते हैं, वो भी डिजिटल स्टाम्प के साथ।

# कांग्रेसियों ने झीरम घाटी शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय बीजापुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को याद किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया।

सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा, झीरम घाटी के शहीदों ने लोकतंत्र और समाज सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। यह सभा झीरम घाटी हमले की बरसी पर आयोजित की गई, जिसमें 25 मई 2013 को नक्सलियों ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला किया था, जिसमें कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य बोधी ताती, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम सल्लूर, ज्योति कुमार, हरेंद्र मांझी, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बलराम कोरसा और लक्ष्मण कड़ती सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निजीकरण के विरोध में आज से न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

प्रदेश सरकार ने इसी वर्ष जनवरी के मध्य में बैलाडीला की डिपॉजिट ए, डिपॉजिट बी, डिपॉजिट सी तथा कांकेर की हालालदी स्थित डिपॉजिट की नीलामी की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की थी। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला में लौह अयस्क की तीन नई डिपॉजिट में से दो विश्व की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक कंपनी आर्सेलर मित्तल एवं एक रुंगटा स्टील को मिला है। बचेली भांसी के बीच 1725 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तारित लौह अयस्क खदान की इन तीनों डिपॉजिट से आगामी 50 वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार को लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति होगी।



बैलाडीला की 2 लौह अयस्क डिपॉजिट आर्सेलर मित्तल एवं एक रुंगटा को मिलने के बाद कांग्रेस ने यहां की जल, जंगल और जमीन को बचाने की मुहिम छेड़ दी है। पीसीसी चीफ दीपक बैज बस्तर की संसाधनों को बचाने के लिए किरंदुल से दंतेवाड़ा की पद यात्रा करेंगे। इस पद यात्रा का नाम न्याय यात्रा रखा गया है। इस न्याय यात्रा के जरिए जनता में जन जागरण लाकर एक निजीकरण के विरोध में एक आंदोलन चलाएंगे। यह यात्रा कुल 40 किलोमीटर की यात्रा निकालेंगे किरंदुल से 26 मई से शुरू होगी और 29 मई को दंतेवाड़ा के कलेक्टर कार्यालय के घेराव से खत्म होगी। दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी भाजपा सरकार के आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है। अवैध खनन के कई मामले सामने आ रहें हैं। इस प्रकार से भविष्य में भी कई मामले होने की आशंका है। इन्हीं मुद्दों को लेकर हम पदयात्रा निकालने जा रहे हैं स्थानीय सभी लोगों से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील कर रहे हैं। दीपक बैज ने विष्णुदेव साय सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से यह सरकार आई है। इस सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है।

बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को दी गई है। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दी गई है। दीपक बैज ने आरोप करते हुए आगे कहा कि बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दी गई है। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है।

यह शुरुआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है।

# बच्चों में दिखा उत्साह विविध गतिविधियों से मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला कुड़कानार में 5 मई से 22 मई तक 15 दिवसीय मेगा समर कैम्प का आयोजन किया गया, जो आज संपन्न हुआ। यह शिविर बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिश एस. एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल के निर्देशन में संपन्न हुआ।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें सामान्य ज्ञान, भाषाई एवं गणितीय कौशल, कहानी उत्सव, चित्रकला-पेंटिंग, वंशवृक्ष निर्माण, आर्ट-क्राफ्ट, नृत्य-संगीत, योग-ध्यान, माटी कला, नाटक, देशभक्ति गीत-नृत्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा तथा विज्ञान मॉडल और प्रयोग शामिल रहे।

समर कैम्प के समापन अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर बच्चों के चेहरों पर सीखने की खुशी और संतोष झलक रहा था। समापन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुड़कानार के सरपंच सामो कश्यप, उप सरपंच हेमनाथ पटेल, धनसाय बघेल, भुवनेश्वर ठाकुर, नारायण सिंह मौर्य, धनंजय ठाकुर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## निधन

### विठल दास शर्मा

**जगदलपुर।** शहर के सुभाष वार्ड राजबाड़ा निवासी विठल दास शर्मा (92) का रविवार को निधन हो गया। वे



पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। आज गृह निवास में सुबह 6 बजे अंतिम सांस ली। अपने पीछे 3 पुत्र, नाती-पोतों से भरा परिवार छोड़ गए। वे किशोर शर्मा, विजय शर्मा व सुशील शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन सहित रिश्तेदार व शहर के नागरिक सम्मलित हुए।

# 125 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीजापुर जो कि एक अत्यधिक संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराना एवं मातृ-शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान कुल 125 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 47 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था श्रेणी में चिन्हित किया गया। इन मामलों में प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श एवं आवश्यक उपचार प्रदान किया गया ताकि मातृत्व संबंधी जटिलताओं को समय रहते रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, 80 महिलाओं का



अल्ट्रासाउंड परीक्षण भी किया गया, जिसने गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न संभावित जटिलताओं की शीघ्र पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संवेदनशील क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं चिकित्सा टीमों के समर्पित प्रयासों से यह संभव हुआ।

एचआरपी मामलों की समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन से मातृत्व संबंधी जटिलताओं को सफलतापूर्वक रोका जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि प्रत्येक महिला, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में रहती हो, सुरक्षित मातृत्व का अधिकार प्राप्त कर सके।

इस अभियान की सफलता में कलेक्टर संबित मिश्रा का महत्वपूर्ण नेतृत्व रहा, जिन्होंने प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित किया। सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने अभियान के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता में सहायता प्रदान की।

# कलरव ने मनाया अपना पहला वार्षिकोत्सव

## प्रदेश अध्यक्ष, महापौर सहित कई नेता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर






संगीत समूह कलरव ने अपने प्रथम वार्षिकोत्सव पर शनिवार को शौर्य भवन में अनुनाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कलाकारों ने 35 से अधिक फिल्मी गाने गाकर अपनी स्वर लहरियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, महापौर

■ **अनुनाद की स्वर लहरियों से झूम उठे श्रोता**

संजय पांडे, बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर सफ़रिा साहू, प्रदेश मंत्री दीप्ति पांडे एवं संजय मार्केट व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कलरव परिवार को प्रथम वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी साथ ही कलरव द्वारा



विगत एक वर्ष में संगीत के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की जमकर तारीफ की। कलरव की ओर से पहली प्रस्तुति संग्राम सिंह राणा के गीत शान से के साथ हुई जिसने कार्यक्रम के ऊंचे स्तर को परिभाषित कर दिया। भिलाई से आए डॉल्फिन के बी ऑर्केस्ट्रा ग्रुप ने बेहतरीन संगीत से दर्शकों की तालियां बटोरीं। देर रात तक चले कार्यक्रम में 35 सोलो एवं युगल गीत गाए गए जो अब तक किसी एक कार्यक्रम में एक साथ नहीं गाए गए हैं। सुरीली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लंबे समय तक बांधे रखा। कलरव के एलपी सोनी, आशा सोनी, अफजल अली, रेशमा अली, डॉ आनंद जी सिंह, डॉ गीता सिंह, रजनीश देवांगन, दीपाली देवांगन, डॉ कुमार वीरेंद्र, सुषमा नेताम, महेश ठाकुर, मुकेश वासनिक, विश्वजीत भट्टाचार्य, रणजीत गौतम, कुर्बान अली, संजीव पचौरी, एम वी बिंटू, निशांत मिश्रा, बंसीलाल साहू, अल्पना तिवारी, नीरू नायक ने पुराने व नए फिल्मी गीतों से समा बांध दिया। गौरतलब है कि कलरव संस्था का गठन कुछ गैर व्यवसायी, शौकिया, घरेलू व कामकाजी लोगों के समूह ने किया है जिसमें सर्जन, वन अधिकारी, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया पर्सन व गृहणियां शामिल है।

कार्यक्रम के अंत में कलरव परिवार ने केक कटिंग कर एक दूसरे को बधाई दी, सभी को अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। मंच संचालन गायत्री आचार्य ने किया। तकनीकी पक्ष की जिम्मेदारी बाबला एवं समीर सेन ने संभाली।

# झीरम घाटी के शहीदों को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

बस्तर विधायक बघेल ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके अद्वितीय बलिदान को याद किया , जिसके बाद दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने निवास स्थल पर झीरम घाटी में शहीद हुए सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झीरम घाटी की यह बलिदान गाथा छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है हम इन वीर सपूतों को नमन करते हैं, जिनकी शहादत को हम कभी भुला नहीं सकते। बस्तर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा शहीदों की यह कुर्बानी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए थी हमें उनके सपनों के अनुसार एक शांतिपूर्ण और विकसित बस्तर की दिशा में निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। इस दौरान दिनेश यदू, तुलाराम सेठिया, हेमराज बघेल, मानसिंह कवासी, जागेंद्र कुमार जीराम, जितेंद्र तिवारी, कमल दुबे, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार एवं कार्यकर्त्तागण व कार्यालय स्टॉफगण पीएसओ, फॉलो स्टॉफ, महिला उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 202504190100001
विषय- अ-21, सन्-2024-25

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण/नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय, जिला सुकमा का न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुकमा के माध्यम से प्राप्त हुई है। जिसमें आवेदक प्रमोद भगत पिता श्री सिताराम भगत, उम्र-43 वर्ष, जाति गडरिया, निवासी केरलापाल, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा स्वंय की स्वामित्व हक की नगर सुकमा, प.ह.नं. 13/सुकमा, तहसील व जिला सुकमा स्थित खसरा नम्बर 1279/18 रकबा 0.0200 हेक्टेयर/0.05 एकड़ परिवर्तित भूमि को गैर आदिवासी क्रेता श्री निकेश साहा पिता रंजीत साहा, उम्र-20 वर्ष, जाति-तेली निवासी केरलापाल, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहते है।

प्रकरण में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित बिन्दुओं पर जांच करते हुए भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6-क) में निहित प्रावधान के तहत विस्तृत जाँच कर जांच प्रतिवेदन एवं स्पष्ट अभिमत सहित प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुई है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो, वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

मुहर
तहसीलदार
सुकमा, जिला-सुकमा

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./379/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धरमदास नाग पिता स्व. समुंद साय नाग जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादी स्व. कनकदेई निवासी ग्राम नरावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के दादी स्व. कनकदेई नाग W/O स्व. कवल साय ग्राम नरावंड का दिनांक 05/02/2008 को मृत्यु हुई है। आवेदक धरमदास नाग पिता स्व. समुंद साय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादी स्व. कनकदेई नाग मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

**-:: शपथ पत्र ::-**

मैं शपथकर्ता दीपा देवांगन (DEEPA DEWANGAN) पति समपत देवांगन (SAMPAT DEWANGAN), निवासी 101, आवास पारा करपावंड, बस्तर (छ.ग.) 494222 की हूं जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं।
1. यह कि मेरा पुत्री का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्री जिसका आधार क्र. -3179 8771 4899 है उसका नाम सम्पत (SAMPAT) पिता सिबो (SIBO) अंकित है जो के गलत है । -
3. यह कि अब मैंने अपने पुत्री का नाम परिवर्तन कर अंकिता देवांगन (ANKITA DEWANGAN ) कर रखा है, और अब मैं भविष्य में इसी परिवर्तित नाम से जाना, पहचाना जाये ।
4 यह कि, मैं अपने पुत्री का नाम समस्त आवश्यक दस्तावेजों में परिवर्तित नाम अंकिता देवांगन (ANKITA DEWANGAN) पिता समपत देवांगन (SAMPAT DEWANGAN) दर्ज करना चाहती हूं।
5. यह की, संपत (SAMPAT) पिता सीबो (SIBO) एवं अंकिता देवांगन (ANKITA DEWANGAN) पिता -समपत देवांगन (SAMPAT DEWANGAN) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्री का ही नाम है।
6. अतः शपथपत्र अपना सही, वास्तविक एवं परिवर्तित नाम अंकिता देवांगन (ANKITA DEWANGAN) पिता - समपत देवांगन (SAMPAT DEWANGAN), अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजो में दर्ज करने तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करती हूं।

शपथकर्ता
दीपा देवांगन (DEEPA DEWANGAN)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./380/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धरमदास नाग पिता स्व. समुंदसाय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. पदमनी निवासी ग्राम नरावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के माता स्व. पदमनी नाग W/O स्व. समुंदसाय ग्राम नरावंड का दिनांक 15/07/2015 को मृत्यु हुई है। आवेदक धरमदास नाग पिता स्व. समुंदसाय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./381/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धरमदास नाग पिता स्व. समुंद साय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. समुंद साय निवासी ग्राम नरावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. समुंदसाय नाग S/O स्व. कवल नाग ग्राम नरावंड का दिनांक 28/12/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक धरमदास नाग पिता स्व. समुंद साय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. समुंदसाय मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### काम को लगन और ईमानदारी से करे : दीपिका



**सुकमा।** जिला मुख्यालय में लाइवलीहुड कालेज में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित इलेक्ट्रिकल व हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण केंद्र सुकमा में प्रशिक्षण पूर्ण कर लिए वद्यिार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने जॉब ऑफर लेटर दिया । जिसमे इलेक्ट्रिकल के 22 व हॉस्पिटैलिटी के 23 विद्यार्थियों का राज्य व राज्य के बाहर प्लेसमेंट हुआ है जहां उनको 10000 रुपय के प्रारम्भिक सैलेरी के साथ रहने खाने की सुविधा व इलेक्ट्रिकल में मेन्युफेक्चरिंग में प्लेस स्टूडेंट्स को 18000 रुपय प्रतिमाह सेलेरी व खाने की सुविधा भी मिलेगी ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची दीपिका शोरी ने उन्हें जॉब ऑफर लेटर प्रदान करते हुए कहा कि आप चाहे जहाँ भी जॉब करने जाते हैं वहां अपनी पूरी लगन तन्मयता और ईमानदारी के साथ जो जम्मिेदारी आपको दी जाती है उसका नर्विहन करे । नश्चिति ही आप अपने जीवन में हर उस मुकाम को हासिल करेंगे जिसका स्वप्न आपने देखा है । आपके परिजन बहुत ही उम्मीद और वश्विास के साथ आपको यहाँ भेजे हैं आप सभी र खरे उतरें।

### गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**गीदम।** कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर नगर के मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान निशुल्क सोनोग्राफी, वजन, ऊंचाई, बीपी, शुगर, एचआईवी, मलेरिया, सिकल सेल आदि की जांच की गई। और हाई रिस्क महिलाओं की पहचान कर उनका आवश्यक इलाज किया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सके और किसी भी संभावित जटिलता का समय रहते पता लगाया जा सके। जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर व राज्य से आए डॉक्टर वल्लभ ठक्कर ने इस शिविर का निरीक्षण किया और गर्भवती महिलाओं की जांच की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

## विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

# प्रधानमंत्री मोदी जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हैं : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 122 संस्करण शहर के सदर वार्ड में बूथ क्रमांक 107 में कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ सुना।

■ आपरेशन सिन्दूर बदलते भारत की तस्वीर और साहस, संकल्प का प्रतीक

मन की बात कार्यक्रम में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम पर गर्व करते हुये आपरेशन सिन्दूर को बदलते भारत की तस्वीर व अदम्य साहस, संकल्प का प्रतीक बताया। देव ने कहा कि कार्यक्रम के द्वारा देश की 140 करोड़ जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। आज समूचा देश व समस्त देशवासी आपरेशन सिन्दूर की सफलता से गर्वित हैं और भारतीय सेना का सारा देश अभिनंदन कर रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा है कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुये आपरेशन सिन्दूर से भारत का सिर ऊंचा किया। भारत का संकल्प आतंक को समूल समाप्त करना है और आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में बदलते बस्तर का जिक्र करते हुये दंतेवाड़ा जिले के छात्र छात्राओं द्वारा 10वीं-12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन की सराहना की। यह हम सभी बस्तर वासियों के लिये गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ सहित हमारा बस्तर नितदिन विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम के श्रवण के दौरान निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य संजय विश्वकर्मा, नरेंद्र जैन, गोदावरी साहू, राजकुमार तम्बोली,रुपेश जैन, निर्मल सिंह राजपूत, मयंक नत्थानी, अभिषेक तिवारी, मनी विक्रम नायडू, अनिमेष चौहान, झरना महन्ती, अलका दास, गुड्डू विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों में सामूहिक रूप से सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



**जगदलपुर।** जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बूथवार भाजपा कार्यकर्ताओं ने गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में आपरेशन सिन्दूर से देश का मस्तक ऊंचा होने और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य व पराक्रम पर संपूर्ण देश को गर्व होने की बात कही। आतंकवाद के खिलाफ समस्त देशवासी एकजुट है और आतंकियों के पनाहगारों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प भारत ने लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में बस्तर अंचल के दंतेवाड़ा जिले के छात्र छात्राओं द्वारा 10वीं-12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे बदलते बस्तर व विकास की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने शहर के सदर वार्ड में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुना। भाजपा के सभी बडे नेता व पदाधिकारियों ने अलग अलग बूथों में सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

## विधायक ने लाखों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने गरावण्ड़खुर्द में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। देव ने गरावण्ड़खुर्द में सीसी सड़क निर्माण कुम्हरावंड मुख्य मार्ग से कलचा सीमा तक 500 मीटर लागत 16.25 लाख रूपए एवं महारापारा आंतरिक गली में 500 मीटर सीसी सड़क निर्माण लागत 16.25 लाख रूपए के विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में देव ने कहा कि हमारी सरकार के बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं, जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार विकास की बयार बह रही है। गरावण्ड़खुर्द में सीसी रोड की मांग क्षेत्र की जनता ने वर्षों से मांग रखा था। क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप आज सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। सड़क,नाली,पेयजल, शिक्षा, विधुत व अन्य सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। विकास अनवरत जारी रहेगा।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप,विद्याशरण तिवारी, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, संरपंच लछनदई बघेल, महादेव बाकडे,उप सरपंच मोहन सेठिया, राजेश शर्मा, सीमांचल दास, महादेव बघेल, रूपेश समरथ, लक्ष्मीधरत, विकास पात्रों,एवं क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।

## पंचान्हिका महोत्सव के साथ हुआ भव्य शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर संभाग के सबसे प्राचीन जैन मंदिर धर्मनाथ जिनालाय नाम से प्रसिद्ध है, अपने 50 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है इस अवसर को यादगार बनाने पूरा जैन समाज विभिन्न धार्मिक आयोजनों से जुड़ रहा है।

■ धर्मनाथ जिनालय की 50 वीं वर्षगांठ 5 दिनों तक मनायी जाएगी

इस अवसर को दिशा प्रदान करने प्रवर महेन्द्र सागर मसा के शिष्यरत्न विवेक सागर मसा 19 मई को जगदलपुर पधार चुके हैं। गुरु भगवंतों के द्वारा 20 से 24 मई तक सभी आयु वर्ग के लिये तीन सत्रों में शिविरों का भी आयोजन हुआ, जिसमें पारिवारिक व धार्मिक दायित्वों का निर्वहन कैसे हो, इस विषय पर प्रकाश डाला गया। स्वर्ण जयंती समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये 24 मई की अपरान्ह म.सा. की उपस्थिति में भव्य पंडाल में तीथंकरों की 30 मूर्तियों के प्रवेश पश्चात आरती की गई।

रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथम दिवस स्थानीय मंडलों की प्रस्तुति हुई। 25 मई से पंचान्हिका महोत्सव प्रारम्भ होगा जिसमें 25 को श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजा, 26 को दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा, 27 को अठारह अभिषेक पूजा, 28 को भव्य शोभायात्रा व 29 को सत्तरभेदी पूजा के साथ जिनालय में नई ध्वजा चढ़ाई जायेगी। इसी दिन संध्या में कुमारपाल महाराजा की भव्य आरती होगी।

### नाटिका अमावास को चांद उगायो की प्रस्तुति

संस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 25 मई को संस्मरण में धर्मनाथ जिनालाय व जैन समाज की 50 वर्षों की इतिहास की जानकारी दी जायेगी। 26 को दादागुरुदेव की जीवनी पर आधारित नाटिका अमावस को चांद उगायो की नाट्य प्रस्तुति होगी। 27 को अंतर्राष्ट्रीय वक्ता सुरेश भाई, चेन्नई के द्वारा एक शाम जिन शासन के नाम पर उद्बोधन होगा 28 को प्रसिद्ध भजन गायक पारस भाई गड़ा भजनों की प्रस्तुति देंगे 29 को भगवान धर्मनाथ की जीवनी पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति होगी।

## 132 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक की मार्गदर्शन में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का सफल आयोजन किया गया। जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया ने जानकारी देते हुए बताया जगदलपुर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत संचालित तीनों शाहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम रोड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हरपारा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरमपुरा में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए पहले से चिह्नित किया गया था।साथ ही अन्य गर्भवती महिलाओं का भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच उपचार एवं दवा वितरण किया गया। साथ ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम योजना अंतर्गत आए हुए गर्भवती महिलाओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। विभाग द्वारा इस दिवस के लिए पूर्व से ही तैयारी पूर्ण कर ली गई थी। चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के सोनोग्राफी के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल से विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सोनम कुन्जाम की ड्यूटी लगाई गई थी, जिनके द्वारा 22 गर्भवतियों का निःशुल्क सोनोग्राफी कर जांच किया गया। इसके साथ ही तीनों पीएचसी में महिला चीकित्सक डॉ. ऐन्जल पलक, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. मोमीता बसाक के साथ अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। शहरी क्षेत्र में 132 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच किया गया, जिसमें से 91 उच्च जोखिम श्रेणी की थी। सभी 132 महिलाओं का विभिन्न निःशुल्क लैब जांच भी किया गया एवं 19 गर्भवती महिलाओं को रेफर किया गया।

## चुनौतियों को पार कर ही हम शोषित और वंचित की मदद कर सकते हैं : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कोंटा विकासखण्ड के ग्राम एराबोंर मेंं समाधान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें उपस्थित विभागों के अधिकारियों नें ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के सम्बंध में बताया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने कहा कि शासन की योजना जन जन तक पहुंचे यह उद्देश्य है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय योजनाओं को मूर्तरूप देने में लगे हैं । उन्होंने कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं निचले स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों की तारीफ करते हुए कहा कि आप जितनी ईमानदारी से कार्य करेंगे उतनी ही सरलता से शासन की योजना जन जन तक पहुंचेगी,निश्चित तौर पर कार्य करने में चुनौतियां आती हैं इन चुनौतियों को पार कर ही हम शोषित,वंचित एवं मजलूमों की मदद कर सकते हैं। शिविर में जिलापंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा, जनपद अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा, कोरसा सन्नू, हूँगाराम मरकाम, पी.विजय नायडू, दिलीप पेद्दी, पवन सिद्धू,पूर्णाचन्द नायडू एवं अनेक जनप्रतिनिधि के साथ तहसीलदार सीईओ ,बीआरसी ,डीपीओ व अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्टाल लगाकर समस्या का पंजीयन

शिविर में आज जिले के लगभग 28 विभागों के अधिकारी,कर्मचारी स्टाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का पंजीयन किया व उन्हें विस्वास दिलाया कि आने वाले दिनों में उनकी समस्याओं का निराकरण निश्चित तौर पर होगा।



## शहीद महेंद्र कर्मा को विश्वविद्यालय परिवार ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अमर बलिदानी शहीद महेंद्र कर्मा को उनके पुण्यतिथि पर रविवार को विश्वविद्यालय परिवार ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

शमक विवि प्रशासनिक भवन के सामने स्थापित स्वर्गीय महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर वाइस चांसलर प्रो एमके श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार आरके लालवानी, सहायक कुलसचिव आरके ठाकुर, देवचरण गावड़े सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार डोंगरे, डॉ सजीवन कुमार, डॉ सोहन लाल, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना, डॉ रश्मि देवांगन, डॉ तूलिका शर्मा, विपिन गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, नोवल किंडो, भरत जी एवं छात्रावास के स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

## छात्राओं ने जाना प्राचीन मूर्तियां शिलालेख और औजार का गूढ़ रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को पुरातत्व संग्रहालय ले जाया गया।

■ दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने संग्रहालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

संग्रहालय में बस्तर अंचल के विभिन्न हिस्सों से संकलित पुरातात्विक सामग्री, प्राचीन मूर्तियाँ, शिलालेख, औजार, स्थापत्य खंड एवं सांस्कृतिक महत्व की वस्तुएँ प्रदर्शित थीं, जिनका अवलोकन कर छात्राओं को क्षेत्रीय इतिहास और संस्कृति की गहराइयों से परिचित होने का अवसर मिला। इस शैक्षणिक भ्रमण का संचालन विभागाध्यक्ष भुवनेश्वर कुमार, डॉ. श्यामाचरण एवं शबाना बेगम के निर्देशन में किया गया। उन्होंने मानव समाज में पुरातत्व की भूमिका, अतीत और वर्तमान को जोड़ने वाले स्त्रोतों की व्याख्या तथा संरक्षण की आवश्यकता पर छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। विभागाध्यक्ष कुमार ने कहा शैक्षणिक भ्रमण न केवल पाठ्य ज्ञान को जीवंत बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सांस्कृतिक विरासत के प्रति सरोकार और जिम्मेदारी का भाव भी जागृत करते हैं। संग्रहालय के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनी कक्षों में उपलब्ध प्रत्येक सामग्री का वैज्ञानिक विवरण और ऐतिहासिक संदर्भ प्रस्तुत किया गया, जिससे भ्रमण अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## उत्कल समाज ने दो विकेट खोकर 4 ओवर में जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गांधी (हाता) क्रिकेट मैदान में सामाजिक एकता क्रिकेट स्पर्धा के दूसरे दिन उत्कल समाज और खालसा 11 सिक्ख समाज के मध्य नाईट टेनिस बाल क्रिकेट मुकाबला में उत्कल 11 केवल 4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर बड़ी जीत हासिल की।

पहले खालसा 11 टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी के लिए ओपनिंग बैट्समैन के रूप में कारण दीप सिंह सग्गू और प्रीतपाल मैदान में उतरे। टीम के धाकड़ बल्लेबाज कारणदीप सिंह सग्गू केवल 5 रन बनाते। उन्हें उत्कल 11 के गेंदबाज भूपेंद्र बिसोई ने अपने ही गेंद पर कैच लेकर चलता किया। खालसा 11 के बल्लेबाज प्रीतपाल अपने टीम के लिए 9 रन का योगदान दिया। उन्हें उत्कल 11 के गेंदबाज पिंटू ने आउट किया। जबकि बिंदर उत्कल 11 के गेंदबाज गौतम सोनी ने बाहर का रास्ता दिखाया। खालसा 11 के बल्लेबाज गट्टू ही अपने टीम के लिए बेतरीन बल्लेबाजी करते 18 बॉल पर 19 रन का योगदान दिया,लेकिन वे रन लेने के चक्कर मे रन आउट के शिकार हुए। अमरजोत 0,करणबीर 8 कुलदीप 7 और जेजे ने अपने टीम के लिए 6 रन का योगदान दिया। दोनों नॉट आउट रहे। इस तरह खालसा 11 की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 66 रन बनाए। पारी का पीछा करने उतरी उत्कल 11 की टीम केवल दो विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाकर जीत हासिल की। बल्लेबाजी के लिए उतरे उत्कल समाज के ओपनिंग बल्लेबाज शिव सागर और गौतम सोनी मैदान में उतरे। शिव सागर 12 रन बनाकर खालसा 11 के आला राउंडर कारण दीप सिंह सग्गू के शिकार बने। जबकि गौतम सोनी 16 रन बनाए। उन्हें कारण दीप के गेंद पर करणबीर ने कैच कर बाहर का रास्ता दिखाया। उत्कल समाज के कप्तान नितेश मिश्रा नही चल पाए और 0 रन पर कारण दीप ने आउट किया। उत्कल 11 के मध्यक्रम के बल्लेबाज शुभम मिश्रा और प्रभात कुमार ने उम्दा पारी खेलते केवल 4 ओवर में ही अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। शुभम ने धाकड़ बल्लेबाजी करते 9 बॉल में 4 छक्का के साथ 28 रन और प्रभात 6 बॉल में 2 चौका के साथ 10 रन बनाकर मैच अपने टीम के पक्ष में किया।

### टीम का बढ़ाया उत्साह

गांधी मैदान में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में दोनों समाज उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास सिक्ख समाज के अध्यक्ष अमरीक सिंह व दोनों समाज के सभी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे थे। दोनों समाज के समर्थक पूरे मैच में अपने-अपने टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## छात्राओं ने वार्ड का सर्वेक्षण कर जनता की राय जानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी पी.जी .महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 28 का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ० राजीव गुहे के मार्गदर्शन में किया गया जिसका संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक सदस्य डॉ. बृजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में किया गया। छात्राओं ने वार्ड का भ्रमण कर नए अनुसंधान के लिए सर्वेक्षण किया और वार्ड की जनता की राय जाना तथा वार्ड मेंबर दीलिप दास से अनुसंधान विषय से संबंधित प्रश्न पूछे कि इस वार्ड की जनता आप को अधिक मतों से चुनाव क्यों जिताया। आपने अपने वार्ड की जनता के विकास के लिए कौन सा वादा किया था जो चुनाव बाद आप उसको अमल में ला रहे हैं ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411